# एक्सआईएसएस में हेल्थकेयर मैनेजमेंट पर चर्चा का आयोजन

रांची| एक्सआईएसएस रांची के रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम ने रोटरेक्ट क्लब ऑफ सोशल रिवोल्यूशन (आरसीएसआर) के साथ मिलकर "भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट के भविष्य" विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया। सत्र के मुख्य वक्ता देवकमल अस्पताल के सीईओ डॉ. अनंत सिन्हा थे। डॉ. सिन्हा ने क्लेफ्ट सर्जरी, पीआरपी, बर्न, एसिड अटैक व अन्य सर्जरी पर चर्चा की।

Press - Dainik Bhaskar

# हेल्थ मैनेजमेंट सेक्टर में प्रबंधकों की जरूरत

**रांची.** एक्सआइएसएस के रूरल मैनेजमेंट विभाग और रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) की ओर से परिचर्चा का आयोजन हुआ. विषय "भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य" पर मुख्य वक्ता देवकमल अस्पताल के सीइओ डॉ अनंत सिन्हा ने अपनी बातें रखी.

डॉ अनंत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एक ऐसा संकाय है, जहां हर क्षेत्र के अनुभवी को अवसर मिलता है. चिकित्सक जहां आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर मरीजों का इलाज करते हैं, वहीं प्रबंधन विभाग एक बेहतर स्वास्थ्य केंद्र को संचालित करने में मदद करता है. हेल्थ मैनेजमेंट सेक्टर के विकास के लिए प्रबंधकों की जरूरत है. उन्होंने युवाओं को हेल्थ मैनेजमेंट में अपनी सहभागिता निभाकर बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया. मौके पर विद्यार्थियों ने हेल्थ मैनेजमेंट से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं जाहिर की, जिसका जवाब डॉ अनंत ने दिया. इसके अलावा डॉ अनंत ने क्लेफ्ट सर्जरी, प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पीआरपी), बर्न, एसिड अटैक समेत अन्य सर्जरी पर चर्चा की. मौके पर निदेशक डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे, रूरल मैनेजमेंट के एचओडी डॉ अनंत कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

Press - Prabhat Khabar

# Talk on the Future of Healthcare Mgmt in India held at XISS



**MI News Service**

**Ranchi:** The Rural Management (RM) Programme of Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi along with the Rotaract Club of Social Revolution (RCSR) organized a talk on 16 February 2023, on the topic "Future of Healthcare Management in India."

The keynote speaker of the session was Dr Anant Sinha, CEO, Devkamal Hospital. The event took place at Fr Michael Van De Bogart Auditorium, XISS Ranchi, in the presence of Dr Joseph Marianus Kujur SJ, Director XISS, Dr Anant Kumar, Head of Programme, Rural Management, other faculty members of the programme and students from both first and second year.

During the session, Dr Sinha discussed the surgeries like Cleft, PRP (Platelet Rich Plasma), Burn, Acid Attack, and many more which are specifically helping the marginalized community people. He also shared his views regarding the future of health management, which is Telemedicine, and talked about the three modes of healthcare, namely, Ayushman Bharat, CHGS, and ESIC. During his talk, he also emphasised the importance and relevancy of Rural Managers in the field of healthcare. He concluded his talk by answering several questions raised by the students of the Rural Management Programme.

Press - Morning India

# एक्सआईएसएस ने किया कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, के रूरल मैनेजमेंट (आरएम) प्रोग्राम ने रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) के साथ मिलकर 16 फरवरी 2023 को 'भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य' विषय पर एक वार्ता का आयोजन संस्थान परिसर में किया। सत्र के मुख्य वक्ता, देवकमल अस्पताल के सीईओ डॉ अनंत सिन्हा थे। यह आयोजन फादर माइकल वैन डी बोगार्ट ऑडिटोरियम, एक्सआईएसएस रांची में डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे, निदेशक एक्सआईएसएस, डॉ अनंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुखरूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम, कार्यक्रम के अन्य फैकल्टी सदस्यों और प्रथम एवं द्वितीय वर्षके छात्रों की उपस्थिति में हुआ। सत्र के दौरान, डॉ सिन्हा ने क्लेफ्ट सर्जरी,



पीआरपी (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा), बर्न, एसिड अटैक और कई अन्य सर्जरी पर चर्चा की, जो विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की मदद के लिए देवकमल अस्पताल कर रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रबंधन के भविष्य के बारे में भी अपने विचार साझा किए, जो प्राथमिक रूप से टेलीमेडिसिन है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के तीन तरीकों, अर्थात आयुष्मान भारत, सीएचजीएस और ईएसआईसी के बारे में भी बात की। अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रूरल मैनेजरों के महत्व और प्रासंगिकता पर भी जोर दिया।

Press - Rashtriya Naveen Mail

# 'भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य' विषय पर एक्सआईएसएस में हुआ कार्यक्रम आयोजित




**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रूरल मैनेजमेंट विभाग और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रिवोल्यूशन (आरसीएसआर) ने संयुक्त रूप से भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य विषय पर सत्र का आयोजन किया। सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में देवकमल अस्पताल के सीईओ डा. अनंत सिन्हा उपस्थित रहे। एक्सआईएसएस के निदेशक डा. जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में एक्सआईएसएस के शिक्षक और सेकेंड इयर के विद्यार्थी शामिल रहे। देवकमल अस्पताल के सीईओ डा. अनंत सिन्हा ने कहा कि हमारे अस्पताल में क्लेफ्ट सर्जरी, पीआरपी (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा), बर्न, एसिड अटैक और कई अन्य सर्जरी विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्ग की मदद के लिए कर रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रबंधन के भविष्य के बारे में भी अपने विचार साझा किए, जो प्राथमिक रूप से टेलीमेडिसिन है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के तीन तरीकों आयुष्मान भारत, सीएचजीएस और ईएसआईसी के बारे में भी बताया।उन्होंने आगे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रूरल मैनेजरों के महत्व के बारे में भी बताया।

Press - Sanmarg




# XISS : ‘भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य’ पर वार्ता

रॉंची

February 17, 2023 Social News Search

Leave A Comment

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, के रूरल मैनेजमेंट (आरएम) प्रोग्राम ने रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) के साथ मिलकर 16 फरवरी 2023 को “भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य” विषय पर एक वार्ता का आयोजन संस्थान परिसर में किया.

# Press - Social News Search

# एक्सआईएसएस में भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**पंच संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रूरल मैनेजमेंट विभाग और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रिवोल्यूशन (आरसीएसआर) ने संयुक्त रूप से भारत में हेल्थकेयर मैनेजमेंट का भविष्य विषय पर सत्र का आयोजन किया। सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में देवकमल अस्पताल के सीईओ डॉ. अनंत सिन्हा उपस्थित रहे। एक्स आईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे शामिल रहे। इस कार्यक्रम में एक्स आईएसएस के शिक्षक और सेकेंड इयर के विद्यार्थी शामिल रहे।

Press - Punch